# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

## (टिप्पणियां एवं आदेश)

उपाध्यक्ष /मा0 अध्यक्ष महोदय

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 30–01–2014 का कार्यवृत्त तैयार कर लिया गया है । कृपया अनुमोदनोपरान्त कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर करने की कृपा करें ।

30.1.2014

( आर0पी0 पाण्डेय ),
कृते–सचिव

30/1/14

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 30–01–2014 का कार्यवृत्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 30–01–2014 को सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों / सदस्यों द्वारा भाग लिया गया::–

1– श्री संतोष कुमार यादव, अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

2– श्री संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।

3– श्री एस0वी0एस0 रंगा राव, जिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ।

4– श्री डी0सी0गुप्ता, संयुक्त नियोजक, मेरठ–प्रतिनिधि –,मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,उ.प्र. लखनऊ ।

5– श्री पारसनाथ सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मंडल, मेरठ–प्रतिनिधि विशेष सचिव, वित्त , उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।

6– श्री आर0के0 सिंह, नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद ।

7– श्री योगेन्द्र कुमार जैन, अधीक्षण अभियन्ता,, उ.प्र.. जल निगम, गाजियाबाद–प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम, लखनऊ के प्रतिनिधि ।

8– श्री राकेश यादव, सलाहकार, ग्रामीण अभियन्त्रण (मा0 राज्य मंत्री ) / गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ।

9– श्री ए0के0 त्यागी, सहायक नियोजक, प्रतिनिधि– चीफ कोआर्डिनेटर प्लानर, एन.सी.आर. सेल, गाजियाबाद ।

10– श्री राम किशोर अग्रवाल, गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

11– श्री धर्मवीर डबास, गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद

12– श्री नरसिंह प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम वृत्त, आवास विकास परिषद, गाजियाबाद प्रतिनिधि–, संयुक्त आवास आयुक्त, मेरठ जोन– विशेष आमंत्री ।

13– श्री अनिल स्वामी, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

14– श्री ओम त्यागी,, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

15– श्री सिंह राज, सदस्य (गैर सरकारी ) (नगर निगम, गाजियाबाद ), गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व सर्वप्रथम प्राधिकरण बोर्ड में गैर सरकारी सदस्य श्री राकेश यादव जिन्हे हाल ही में उ0प्र0 सरकार द्वारा सलाहकार, ग्रामीण अभियन्त्रण (मा0 राज्य मंत्री) नामित किया गया है, का स्वागत किया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों का स्वागत करते

हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त सर्व–सम्मति से निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 1/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 07–11–2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि। | बोर्ड द्वारा दिनॉक 07–11–2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्व सम्मति से की गई । |
| 2/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 07–11–2013 के कार्यवृत्त पर अनुपालन आख्या। | बोर्ड द्वारा दिनॉक 07–11–2013 के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या अवलोकित की गई । |
| 3/139 | अकेन्द्रीयत सेवा के कर्मचारियों की सेवा शर्तों के निर्धारण हेतु उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण केन्द्रीयत सेवा नियमावली 1985 सपठित उत्तर प्रदेश नगर महापालिका सेवा नियमावली 1962 को अंगीकार किये जाने के विषय में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त बोर्ड द्वारा अकेन्द्रीयत सेवा के कर्मचारियों की सेवा शर्तों के निर्धारण होने तक उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण केन्द्रीयत सेवा नियमावली लागू नही हो जाती तब तक सपठित उत्तर प्रदेश नगर महापालिका सेवा नियमावली 1962 (यथासंशोधित) को अंगीकार किये जाने का निर्णय लिया गया । |
| 4/139 | प्राधिकरण में कार्यरत 10 कनिष्ठ लिपिक व 3 चपरासी अस्थायी संवर्ग पदों को स्थायी किये जाने एवं समयमान वेतनमान व पदोन्नति किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 5/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लोहियानगर में किराये की सम्पत्तियों को कय किये जाने हेतु किरायेदार द्वारा सहमति दिये जाने के उपरान्त प्राधिकरण द्वारा अवशेष 75 प्रतिशत की | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |

| | | |
|---|---|---|
| | मॉग भेजने की तिथि तक का किराया वसूली के संबंध में । | |
| 6/139 | वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद के अनुरोध के कम में पॉच बुलेरो कय कर उपलब्ध कराने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई । |
| 7/139 | नीलामी/निविदा के अन्तर्गत आवंटियों द्वारा कतिपय मामलों में 25 प्रतिशत धनराशि निर्धारित अवधि से विलम्ब से जमा करने पर ब्याज सहित अतिरिक्त समय प्रदान किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया एवं अन्य प्रस्तावों में गुण दोष के आधार पर निर्णय किये जाने हेतु उपाध्यक्ष को अधिकृत किया जाता है। |
| 8/139 | प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के निवासियों की सुविधा हेतु मदर डेयरी के मिल्क बूथ स्थापित कराये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । बोर्ड द्वारा प्रस्ताव में अंकित क्षेत्रों के अतिरिक्त मदर डेयरी के मिल्क बूथ स्थापित किये जाने हेतु भविष्य में यदि कोई प्रस्ताव आते हैं तो भूमि लाईसेंस किराये पर आवंटित किये जाने हेतु उपाध्यक्ष को अधिकृत किये जाने का भी निर्णय लिया गया । |
| 9/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा ग्रुप हाउसिंग व अनावासीय सम्पत्तियों के डिफाल्टर आवंटियों पर अवशेष देय धनराशि की किस्तों का पुर्ननिर्धारण नयी ब्याज दरों के साथ किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई । |
| 10/139 | राजस्व ग्राम ब्रहमपुर उर्फ भौपुरा के खसरा संख्या 215 की 2530 वर्ग मीटर अनार्जित भूमि के स्थान पर 50 प्रतिशत ( 1265 वर्ग मीटर ) भूमि के समायोजन के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11/139 | सुनियोजित विकास के लिए तात्कालिक रूप से आवश्यक भूमि को समझौते के आधार पर बैनामा द्वारा प्राधिकरण के पक्ष में क्रय किये जाने हेतु प्रस्तावित नीति एवं प्रक्रिया के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 12/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कोयल इन्क्लेव आवासीय योजना हेतु अधिग्रहीत भूमि से संबंधित भू स्वामियों को 6 प्रतिशत आबादी भूमि आवंटन के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 13/139 | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित भूमि के अर्जन /पुर्नग्रहण की अद्यावधिक स्थिति । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अवलोकित किया गया |
| 14/139 | गाजियाबाद सिटी क्लब समिति के पंजीयन हेतु बनाये गये नियम व शर्तो के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सिटी क्लब समिति में कौन कौन से लोग नामित किये जायें, का परीक्षण प्राधिकरण स्तर पर समिति गठित कर उसकी अनुशंसा पर उपाध्यक्ष स्तर पर निर्णय लिये जाने हेतु उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15/139 | | मधबुन बापूधाम योजना के निर्माणाधीन बहुमंजिले भवनों के मूल्य निर्धारण में भूमि दर आदि पर छूट के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 16/139 | | मधुबन बापूधाम आवासीय योजना कोड 772–41डी में निर्मित 5056 चार मंजिले ई0डब्लू0एस0 भवनों के कब्जा हेतु समय सीमा बढाये जाने एवं उक्त अवधि का चौकीदारा शुल्क न लिये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 17/139 | | 6–लेन हिण्डन एलीवेटिड रोड को TOD(TRANSIT ORIENTED DEVELOPMENT ) के आधार पर EPC Mode पर कार्य कराये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 18/139 | | शासनादेश संख्या 1106 /9–आ–1–(आ0ब0) बोर्ड बैठक /2001 दिनॉक 01–3–2001 के बिन्दु–18 में इंगित बिन्दुओं पर सूचना । | बोर्ड द्वारा शासनादेश संख्या 1106 /9–आ–1–(आ0ब0) बोर्ड बैठक /2001 दिनॉक 01–3–2001 के बिन्दु–18 में इंगित बिन्दुओं पर दी गयी सूचनाओं का अवलोकन किया गया । |
| 19/139 | | गाजियाबाद में कियान्वित की जा रही हाईटैक/ इंटीग्रेटेड टाऊनशिप योजनाओं की प्रगति के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अवलोकित किया गया । |
| 20/139 | | ग्राम मोहिउद्दीनपुर कनावनी की खसरा संख्या 602, 540/2 व 543 मि0 के भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21/139 | | वैशाली आवासीय योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 22/139 | | प्राधिकरण की योजनाओं में निर्मित सामुदायिक केन्द्रों में मोबाईल टावर स्थापित किये जाने के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । सील्ड निविदा/बिड की प्रकिया के बिन्दु संख्या (xliv) को रू0 10000.00 प्रति माह प्रतिमास्ट टावर निर्धारित समझा जाये । |
| 23/139 | | सार्वजनिक, निजी एवं सहकारी क्षेत्र की नई आवासीय योजनाओं में आर्थिक दृष्टि से दुर्बल एवं अल्प आय वर्गों के व्यक्तियों के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी शासनादेश संख्या 3188 /आठ–1–13–80विविधि /2010 दिनॉक 05–12–2013 में निर्धारित संशोधित नीति के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अवलोकित किया गया । |
| 24/139 | | प्रताप विहार आवासीय योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 25/139 | | दिल्ली–मेरठ कॉरीडोर ( आर0 आर 0 टी0 एस0) परियोजना के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 26/139 | | वैशाली आवासीय योजना के सै0–3 में हाईस्कूल हेतु नियोजित भूखण्ड का पुर्न नियोजन किये जाने के फलस्वरूप तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के संबंध में । | | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 27/139 | | खसरा सं0 527 /4 ग्राम मोहिउद्दीनपुर कनावनी पर निर्मित कॉलोनी इण्डिया मूल सिटी के मानचित्र स्वीकृति के समय देय बाह्य विकास शुल्क पर रोपित ब्याज की छूट प्रदान किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |
| 28/139 | | उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की वसुन्धरा योजना के सैक्टर–7 व 8 में स्थिति परिषद की भूमि का उपयोग मिश्रित उपयोग में परिवर्तित किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 29/139 | | कौशाम्बी आवासीय योजना के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन के संबंध में | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 30/139 | | दिलशाद गार्डन दिल्ली –नया बस अडडा, गाजियाबाद मैट्रो एलाईनमेंट के इन्फल्यूएन्श क्षेत्र के अन्तर्गत नये/ अविकसित क्षेत्र हेतु निर्धारित एफ0ए0आर0 अनुमन्य किये जाने के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| 31/139 | | मधुबन बापूधाम योजना में मा0 उच्चतम न्यायालय के भू–अर्जन स्थगन आदेश के फलस्वरूप वैकल्पिक मार्गों के संबंध में । | विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया । |

श्री धर्मवीर डबास, गैर सरकारी सदस्य, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा शहर में इण्डोर स्टेडियम के निर्माण हेतु सुझाव दिया गया, जिस पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई ।

( आर0पी0 पाण्डेय )
कृते–सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

( संतोष कुमार यादव )
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

अनुमोदित

( संतोष कुमार यादव )
अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण